# केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स के निस्वार्थ योगदान का सम्मान करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का एक दिन 'लाइनमैन दिवस' के रूप में समर्पित करने की अनूठी पहल

*4 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी में 40 से अधिक ट्रांसको और डिस्कॉम्स के 150 से ज्यादा लाइनपर्सन्स को सम्मानित किया गया।*

**नई दिल्ली, 4 मार्च, 2024 :** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), बिजली मंत्रालय ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन (टाटा पावर-डीडीएल) लिमिटेड के सहयोग से आज 4 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' का चौथा संस्करण मनाया। इस पहल का उद्देश्य सभी सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए एक दिन 'लाइनमैन दिवस' के रूप में समर्पित करने और उसका जश्न मनाने की राष्ट्रव्यापी परंपरा कायम कर इंडियन पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों - लाइनमैन का सम्मान करना है। इस प्रयास ने पावर सेक्टर में फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए मनोबल बढ़ाने का महत्वपूर्ण काम किया है, जिससे उन्हें उचित पहचान और सराहना मिली।

इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के 40 से अधिक सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के 150 से ज्यादा लाइनमैन और लाइनवुमेन ने राष्ट्रीय राजधानी का दौरा किया।

लाइनमैन दिवस समारोह का थीम 'सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान' था जो पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों के *समर्पण, सेवा और बलिदान* को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान लाइनमैन को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने और सेफ्टी की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तथा पावर इंडस्ट्री के अंतर्गत सामूहिक शिक्षा को बढ़ावा देने का भी अवसर मिला। इस मौके पर विभिन्न सुरक्षा उपकरणों और टूल्स की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी, जिससे मेहमानों को लागू की गई सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में अधिक जानने और साझा करने का मौका मिला। इसके अलावा कार्यक्रम में दिखाए गए वीडियो में विभिन्न ट्रांसको और डिस्कॉम्स द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और घटनाओं की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस सहयोगात्मक प्रयास ने लाइनमैन को अपने साथियों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और प्रभावी सेफ्टी प्रोटोकॉल को सुदृढ़ करने में सशक्त बनाया, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला।

एक विशेष वीडियो संदेश के माध्यम से **भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राज कुमार सिंह** से ने कहा, *''लाइनमैन दिवस का उत्सव बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स के अथक प्रयासों की व्यापक सराहना और सम्मान की संस्कृति की शुरुआत है। हम उनके अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए बहुत गर्व महसूस करते हैं जो प्रतिकूल मौसम और अप्रत्याशित संकट जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए अपना काम करते हैं।'*

**उन्होंने कहा**, *''लाइनमैन दिवस प्रतिभागियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान और सेफ्टी की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने की सुविधा प्रदान करने वाला बहुत ही प्रभावी मंच के रूप में कार्य करता है। हम उन लाइनमैनों के आभारी हैं जो देश के तकनीकी, औद्योगिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे के कामकाज के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।'*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए **केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के चेयरपर्सन श्री घनश्याम प्रसाद** ने कहा, *''बिजली क्षेत्र के लाइनपर्सन हमारे देश की बिजली व्यवस्था के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। 'लाइनमैन दिवस' का आयोजन उनके समर्पण और अथक सेवा के प्रति हमारी सराहना को रेखांकित करता है। इन फ्रंटलाइन वर्कर्स की कड़ी मेहनत को पहचानने के पीछे का उद्देश्य उन्हें सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना और अपने अनुकरणीय प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करना है।'*

महिलाओं ने इस रूढ़ि को तोड़ने का काम किया है जो मानते थे कि यह काम जेंडर विशेष का है। बिहार, कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड से कुछ डिस्कॉम्स और ट्रांसको की लाइनवुमेन, तकनीशियनों और इंजीनियरों सहित 9 महत्वाकांक्षी महिलाओं का स्वागत करना खुशी की बात थी। इस कार्यक्रम में भारतीय पर्वतारोही सुश्री बलजीत कौर भी उपस्थित रहीं, जिनके नाम कई पर्वतारोहण उपलब्धियां दर्ज हैं, जिन्होंने अपनी कहानी से ऑडिएंस को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए **टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सीईओ श्री गणेश श्रीनिवासन** ने कहा, *''हमें इस राष्ट्रव्यापी पहल का नेतृत्व करते हुए गर्व महसूस हो रहा है और पावर सेक्टर के इन फ्रंटलाइन वर्कर्स के समर्पण और सेवा का सम्मान करने के लिए एकजुट होने वाली 40 से अधिक ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों की जबरदस्त भागीदारी को देखकर हम उत्साहित हैं। 'लाइनमैन दिवस' के पिछले तीन संस्करणों की सफलता और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा पावर सेक्टर में अन्य ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन साथियों को आग्रह करने और प्रोत्साहित करने के निरंतर समर्थन के परिणामस्वरूप इस वर्ष राष्ट्रीय राजधानी में बहुत व्यापक उत्सव मनाया गया, जिसमें 170 से*

*अधिक लाइनपर्सन को सम्मानित किया गया। इन चार वर्षों में लाइनमैन दिवस राष्ट्रीय आंदोलन में बदल गया है।'*

**कार्यक्रम में सीईए तथा अन्य ट्रांसको तथा डिस्कॉम्स के वरिष्ठ सदस्यों ने भी शिरकत की**: श्री अशोक कुमार राजपूत, सदस्य (पावर सिस्टम), श्री ए बाल्यान, सदस्य (प्लानिंग), श्री अजय तलेगांवकर, सदस्य (ईऐंडसी), श्री प्रवीण गुप्ता, सदस्य (थर्मल) और श्री विनीत सिक्का, सीईओ, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, श्री अमरजीत सिंह, सीईओ, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और डिप्टी डायरेक्टर, एनपीटीआई।

**ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के नाम:** अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड, आन्ध्र प्रदेश ईस्टर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एपीईपीडीसीएल), अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, बेंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बीईएससीओएम), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, चामुंडेश्वरी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीईएससी), दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन), दामोदर घाटी कॉर्पोरेशन, गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जीईटीसीओ), इंडिग्रिड लिमिटेड, जम्मू और कश्मीर पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेकेपीटीसीएल), जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेडीवीवीएनएल), एमपी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमपीएमकेवीवीसीएल), एमपी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमपीपीकेवीवीसीएल), मध्य गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (एमजीवीसीएल), महाराष्ट्री स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी), नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल), निडर यूटिलिटीज पनवेल एलएलपी, नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड, ओडिशा पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल), पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड, देहरादून (पीटीसीयूएल), पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (पीजीवीसीएल), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल), पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसटीसीएल), टीपी सेंट्रल ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीसीओडीएल), टीपी सॉदर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीएसओडीएल), टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल), टाटा पावर नॉर्दर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीएनओडीएल), टाटा पावर कंपनी लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा स्टील यूटिलिटीज ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड, उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (यूजीवीसीएल), उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल), उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल)।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) और टाटा पावर-डीडीएल एक साथ इन फ्रंटलाइन के नायकों की निस्वार्थ सेवा को स्वीकार करने और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करने हेतु एक दिन समर्पित करने के लिए आगे आए। लाइनमैन दिवस का पहला संस्करण मार्च 2021 में मनाया गया और इसके बाद के चैप्टर्स 2022 और 2023 में मनाए गए।